# डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उ0प्र0
## (पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय)
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 5572 दिनॉकः 08 अप्रैल, 2022

सेवा में,

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त
संस्थाओं के निदेशक / प्राचार्य,

विषयः **विश्वविद्यालय के सत्र 2021–22 की विषम सेमेस्टर परीक्षा की (लिखित / प्रयोगात्मक) लेफ्ट ओवर परीक्षा कराये जाने हेतु परीक्षा फार्म खोले जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा (स्नातक / परास्नातक) रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की सत्र 2021–22 की विषम सेमेस्टर की परीक्षा दिनॉक 28 दिसम्बर, 2021 से दिनांक 17 जनवरी, 2022 तक तथा दिनॉक 22 मार्च, 2022 से दिनांक 06 अप्रैल, 2022 तक दो चरणों में सम्पन्न करायी गयी। इस दौरान कोविड–19 की तीसरी लहर का प्रकोप भी रहा।

अतः विश्वविद्यालय की 74 वीं परीक्षा समिति में लिये गये निर्णयानुसार उपरोक्तानुसार सम्पन्न करायी गयी विषम सेमेस्टर सत्र 2021–22 की प्रथम एवं द्वितीय चरण की (लिखित / प्रयोगात्मक) परीक्षाओं की लेफ्टओवर परीक्षा अप्रैल के चतुर्थ सप्ताह से करायी जानी है जिसका विस्तृत कार्यक्रम शीघ्र ही जारी कर दिया जायेगा।

इन परीक्षाओं में उन्ही छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया जाना संभव होगा जो निम्न में से किसी एक श्रेणी में आते हैः–

1. जो छात्र विषम सेमेस्टर सत्र 2021–22 की परीक्षाओं में अनुपस्थित रहे।
2. जो छात्र उक्त विषम सेमेस्टर सत्र 2021–22 परीक्षाओं के परीक्षा फार्म नहीं भर पाये थे।
3. जो छात्र विषम सेमेस्टर 2021–22 की परीक्षाओं के परीक्षा फार्म तो भर दिये थे परन्तु परीक्षा शुल्क नहीं जमा कर सके थे।
4. जो छात्र विषम सेमेस्टर सत्र 2021–22 से पूर्व के सत्रों ( संबंधित कोर्स की समयावधि के अन्तर्गत) में COP थे और परीक्षा में किसी कारणवश अनुपस्थित थे या परीक्षा फार्म नहीं भर पाये थे वह छात्र भी परीक्षा फार्म भर कर लेफ्ट ओवर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।
5. कोई भी रेगुलर / COP का पहले भरा हुआ फार्म Edit नहीं किया जा सकेगा ।
6. उक्त लेफ्ट ओवर परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म दिनांक 09 अप्रैल, 2022 से 16 अप्रैल के मध्य खोले जायेंगे।

बिन्दु– 1 से 5 तक के आच्छादित जो छात्र अनुपस्थित थे, या परीक्षा शुल्क जमा नहीं कर पाये थे उन्हें कोई परीक्षा फार्म भरने की आवश्यकता नहीं है उनका एडमिट कार्ड विश्वविद्यालय द्वारा स्वतः ही जारी किया जायेगा।

कृपया उक्त से तदनुसार अवगत होते हुए समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित कराने का कष्ट करें।

भवदीय

Anurag Tripathi 08/04/22

( प्रो0 अनुराग त्रिपाठी )
परीक्षा नियंत्रक

**पृष्ठांकन संख्या व दिनॉकः उपरोक्त।**
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु।

1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
4. प्रभारी, स्टूडेन्ट सेल, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. श्री पवन त्रिपाठी, जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

( प्रो0 अनुराग त्रिपाठी )
परीक्षा नियंत्रक